हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 17 दिसंबर 2023

04 मांस की दुकानों पर दूसरे दिन भी की गई ...



07 जालपा पहाड़ी के नीचे हादसा, महिला की मौत





हरिभूमि
पाठक पुरस्कार योजना-2023
मास्टर कूपन
17 दिसम्बर 2023
कूपन नं. 8

## विकसित भारत संकल्प यात्रा हुआ शुभारंभ, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन का सीधा प्रसारण दिखाया

# यात्रा के दौरान शासन की योजनाओं से हितग्राहियों को किया जाएगा लाभान्वित : शिवराज सिंह चौहान

### शासन की योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों ने साझा किए अपने अनुभव, विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

प्रदेश के साथ ही जिले में भी 16 दिसम्बर से विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया गया है। जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा शुभारंभ कार्यक्रम जिला मुख्यालय स्थित टाउन हॉल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री एवं बुधनी विधायक शिवराज सिंह चौहान, सांसद रमाकांत भार्गव, विधायक करण सिंह वर्मा, सुदेश राय, गोपाल सिंह इंजीनियर, आदिवासी वित्त विकास निगम अध्यक्ष निर्मला बारेला ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम स्थल पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन का सीधा प्रसारण दिखाया गया। इस दौरान शासन की विभिन्न जन कल्याणकारी योजना से लाभान्वित अनेक हितग्राहियों तथा प्रगतिशील किसानों ने अपने अनुभव साझा किए। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए तथा अनेक विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया।

कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री एवं बुधनी विधायक शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा आज से प्रारंभ की गई है। प्रदेश के साथ ही पाँच राज्यों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में निकाली जा रही इस विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से शासन की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाएगा और शासन की विभिन्न योजनाओं से छूटे हुए हितग्राहियों को योजनाओं से जोड़कर लाभान्वित किया जाएगा। इस यात्रा के दौरान सतत कृषि, ड्रोन प्रदर्शन, स्वास्थ्य शिविर सहित अनेक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान लाभान्वित हितग्राहियों के अनुभवों को भी साझा कराया जाएगा।



कार्यक्रम में सीएम राइज शासकीय मनुबेन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति दी। शासकीय महारानी लक्ष्मी बाई कन्या विद्यालय की छात्राओं ने सामूहिक नृत्य तथा चारूलता कत्थक कला केन्द्र की छात्राओं ने कत्थक नृत्य की प्रस्तुति दी। छात्राओं की मनमोहक प्रस्तुति पर दर्शको द्वारा तालियां बजाकर छात्राओं का उत्साहवर्धन किया गया।

उल्लेखनीय है कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत भारत सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी एवं पात्र हितग्राहियों को मौके पर लाभांवित किया जाएगा। कार्यक्रम में सभी विभागों द्वारा अपने-अपने स्टॉल लगाए जाएंगे। ग्राम पंचायतों द्वारा हितग्राहियों को शासन की योजनाओं की जानकारी देते हुए लाभांवित किया जाएगा। कार्यक्रम में आवेदन लिए जाएंगे। जिसमें शिकायत एवं शासन की योजना के लाभ के लिए अलग-अलग आवेदन लिए जाएंगे। पात्र हितग्राहियों को यथा शीघ्र लाभांवित किया जाएगा एवं शिकायतों का नियत समय-सीमा में निराकरण किया जाएगा। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रमों के दौरान स्वास्थ्य विभाग के द्वारा स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा। आधार कार्ड अपग्रेड के लिए कैम्प आयोजित किए जाएंगे। खाद्य विभाग द्वारा उज्जवला योजना के नए पंजीयन, पशुपालक, मछुआरे के क्रेडिट कार्ड के लिए नए आवेदन लिए जाएंगे, जन धन जीवन ज्योति योजना के नए आवेदन, कृषि विभाग द्वारा केसीसी उन्नत कृषि यंत्र, पीएचई विभाग नल जल योजना,राजस्व विभाग द्वारा पीएम किसान निधि एवं स्वामित्व योजना के साथ अन्य योजनाओं का लाभ दिया जाएगा।

**लाभान्वित हितग्राहियों ने साझा किए अपने अनुभव :** विकसित भारत संकल्प यात्रा के शुभारंभ अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम में आई श्रीमती पिंकी राय ने बताया कि कोरोना काल के दौरान उनका व्यवसाय बंद हो गया था और उसके बाद प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना का लाभ लेकर उन्होंने पुनः अपने व्यवसाय को शुरू किया। ग्राम कुलासकलां निवासी प्रगतिशील किसान गजराज सिंह वर्मा ने बताया कि कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेकर उन्होंने अपने व्यवसाय को बढ़ाया है। मनोहर सिंह परमार ने बताया कि कुछ समय पहले उनका एक्सीडेंट हो गया था और आयुष्मान भारत योजना के तहत बनाए गए आयुष्मान कार्ड का लाभ लेकर उन्होंने निजी अस्पताल में अपना निःशुल्क इलाज कराया है।

**जिलेभर में 9 रथ करेंगे भ्रमण :** विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान जिला स्तरीय कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों ने प्रचार रथों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। सीहोर नगरीय निकाय सहित जिले के सभी विकासखण्डों के लिए कुल 9 रथों हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। सीहोर विकासखण्ड के लिए दो रथो, आष्टा के लिए दो रथो, भैरून्दा के लिए दो रथो, इछावर के लिए एक रथ, बुधनी के लिए एक रथ तथा सीहोर शहरी क्षेत्र के लिए एक रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

#### विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल

विकसित भारत संकल्प यात्रा के शुभारंभ अवसर पर आयोजित कार्यक्रम स्थल पर अनेक विभागों द्वारा प्रदर्शनी लगाई गई। इस दौरान राजस्व विभाग, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, स्व सहायता समूह तथा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना से हितग्राहियों को लाभान्वित करने के लिए स्टॉल लगाए जाएंगे। इसके साथ ही सिकिल सेल एवं स्वास्थ्य परीक्षण, आष्युमान कार्ड निरामय योजना, आयुष स्वास्थ्य शिविर, स्वनिधि योजना, पीएम पोषण योजना, किसान समृद्धि केन्द्र, प्राकृतिक खेती एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड, उन्नत कृषि यंत्र, उन्नत कृषि यंत्र एवं ड्रोन प्रदर्शन, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना 2.0 एवं प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन, जन धन, जीवन ज्योति, आधार सेवा केन्द्र, सहकारिता विभाग की विभिन्न योजनाओं, प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा केन्द्र, मत्स्य क्रेडिट कार्ड, राष्ट्रीय पशुधन योजना, माय भारत पोर्टल रजिस्ट्रेशन के स्टॉल लगाकर हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया।

## खबर संक्षेप

### क्षय रोगी : डॉट पद्धति से इलाज अनिवार्य

**सीहोर।** स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि टीबी संक्रमण बीमारी है। खांसी, बुखार आना, भूख न लगना आदि टीबी के लक्षण हो सकते हैं। टीबी कोई भयानक बीमारी नहीं है, टीबी का ईलाज संभव है। व्यक्ति को 6 माह डॉट पद्धति का इलाज लेना अनिवार्य है। प्रत्येक क्षय रोगी को इलाज लेने पर 500 रुपए पोषण के लिए प्रदान किए जाते हैं। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि टीबी से बचने के लिए सभी स्वास्थ्य सेवाएं जिला अस्पताल, सिविल हॉस्पिटल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर एवं उप स्वास्थ्य केंद्र संस्थाओं पर संपर्क कर टीबी की जांच व उपचार से बीमारी पर रोक लगाई जा सकती है।

### बालरंग महोत्सव 19 से 21 दिसंबर तक

**सीहोर।** स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 19 से 21 दिसंबर तक तीन दिवसीय इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में राज्य स्तरीय एवं राष्ट्रीय बालरंग महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। संयुक्त संचालक लोक शिक्षण ने बताया कि राज्य स्तरीय बालरंग में प्रदेश के सभी संभागों से करीब एक हजार विद्यार्थी एवं राष्ट्रीय बालरंग में विभिन्न राज्यों के करीब 500 छात्र-छात्राएं सहभागिता करेंगे। इस वर्ष बाल रंग महोत्सव की थीम आत्मनिर्भर भारत होगी, जिसमें प्रदेश के छात्र-छात्राएं अपने जिले की संस्कृति, वेशभूषा, नृत्य एवं खानपान आदि को विभिन्न मंचों पर प्रदर्शित करेंगे।

## शासकीय उचित मूल्य की दुकान के ताले टूटे, कई क्विंटल अनाज पर हाथ साफ, तीन दिन में दूसरी ऐसी घटना

**सीहोर।** नगरीय क्षेत्र सीहोर में चोर अब शासकीय उच्चतर मूल्य दुकानों पर भी चोरी करने लगे हैं। बीते तीन दिनों में चोरों ने दो दुकानों को निशाना बनाया है।

जानकारी के अनुसार चोर अब गरीबों के राशन पर भी डाका डालने लगे है। तीन दिन पहले राजाबाग कालोनी में शासकीय उचित मूल्य की दुकान के ताले चटकाकर चोर 3 क्विंटल चावल ले गए थे। अब शुक्रवार रात एक बार फिर चोरों लेबर कालोनी में शासकीय उचित मूल्य की दुकान के ताले चटकाकर कई क्विंटल अनाज पर हाथ साफ कर दिया। इस मामले में दुकान संचालक ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। मामले में पुलिस चोरों की तलाश कर रही है।



### बीजों के विक्रेता को लायसेंस लेना अनिवार्य

**सीहोर।** औषधीय फसलों एवं सब्जी, मसाला, पुष्प के बीजों का व्यापार करने वाले व्यापारी को उद्यानिकी विभाग से लायसेंस लिए बिना विक्रय नहीं किया जा सकता है। बीजों के व्यापार करने के लिये विक्रेता उद्यानिकी विभाग से लायसेंस लेना अनिवार्य है। बिना बीज लायसेंस के व्यापार करते पाए जाने पर विक्रेताओं के विरूद्ध बीज अधिनियम-1966 एवं बीज नियंत्रण आदेश 1983 में उल्लेखित प्रावधान अनुसार वैधानिक कार्यवाही की जायेगी, जिसकी सम्पूर्ण जवाबदेही निजी बीज विक्रेता की रहेगी।

## लाड़लियों को रोते देख शिवराज हुए भावुक... आंखों से निकले आंसू



**सीहोर।** विकसित भारत विकास यात्रा कार्यकम में शिरकत करने सीहोर आए शिवराज सिंह चौहान को लाड़ली बहनों के जनसमूह ने घेर लिया। काफी देर तक शिवराज का काफिला नगर के सेकड़ाखेड़ी मार्ग पर रुका रहा। इस दौरान जनसमूह को हटाने और शिवराज के काफिले को टाऊन हाल की तरफ रवाना करने में सुरक्षा कर्मियों को पसीना आ गया।

नगर के टाउन हॉल में विकसित भारत विकास यात्रा के कार्यक्रम में भाग लेने आज पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का नगर आगमन था। शिवराज के स्वागत के लिए नगर के सेकडाखेड़ी चौराहे पर भारी जनसमूह शिवराज के स्वागत के लिए इक्कट्ठा हो गया था। जैसे ही शिवराज का काफिला सेकडाखेड़ी मार्ग पर आता हुआ दिखा, जनसमूह ने शिवराज के काफिले को रोक लिया। भारी जनसमूह को देखकर पहले तो शिवराज सिंह चौहान गाड़ी के गेट से जनसमूह का अभिवादन करते रहे। इस दौरान काफी संख्या में लाड़ली बहनों ने शिवराज को घेर लिया और रोने लगीं, उनको रोता देख शिवराज सिंह चौहान भी गाड़ी से नीचे उतर गये ओर लाड़ली बहनों के सिर पर हाथ रखकर सान्त्वना देने लगे। इस पूरे घटनाक्रम के दौरान आधी नही तूफान है शिवराज सिह चौहान है कि नारेबाजी होती रही लाड़लियों को रोता देख शिवराज भी कुछ पल के लिए भावुक हो गए और उनकी आंखों से आंसू निकल गए। शिवराज सिंह के काफिले को कार्यक्रम स्थल तक ले जाने में सुरक्षा कर्मियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी।



## राज्य सेवा और राज्य वन सेवा की प्रारंभिक परीक्षाएं आज

**सीहोर।** मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2023 का आयोजन जिला मुख्यालय पर 17 दिसम्बर 2023 को किया जाएगा। जिला मुख्यालय पर परीक्षा के लिए 08 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है, जिसमें शहर के महाविद्यालय व शासकीय संस्थाओं को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जाएगी।

परीक्षा के संबंध में जानकारी देते हुए डिप्टी कलेक्टर मनीष शर्मा ने बताया कि कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी प्रवीण सिंह के निर्देश पर जिला मुख्यालय पर परीक्षा से संबंधित सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई है और निरीक्षण दल का गठन कर लिया गया है, जो कि परीक्षा के दौरान परीक्षा केन्द्रों का सतत एवं लगातार निरीक्षण करेंगे। इसके साथ ही अन्य व्यवस्थाओं के लिए दलों का गठन जिला स्तर पर किया जा चुका है। सम्पूर्ण परीक्षा की निगरानी के लिए मध्यप्रदेश लोकसेवा आयोग इन्दौर द्वारा सेवानिवृत्त आईएएस बी.आर. नायडू (9425602333) को संभागीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। परीक्षा संबंधी जानकारी के लिए जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय के कक्ष कमांक 15 में कंट्रोल रूम (दूरभाष कमांक-07562-226856) स्थापित किया गया है।

**दो सत्रों मे आयोजित होंगी एमपीपीएससी की परीक्षा :** प्रथम पाली में प्रातः 10:00 बजे से 12:000 बजे तक परीक्षा होगी। जिसमें परीक्षा केन्द्र पर परीक्षार्थी की उपस्थिति का समय प्रातः 09:30 बजे तक रहेगा। दोपहर की पाली में परीक्षा 2:15 से 4:15 तक आयोजित होगी जिसमें परीक्षार्थी की परीक्षा केन्द्र पर उपस्थिति का समय 1:45 निर्धारित है।

**परीक्षा केन्द्रों पर यह वस्तुए होंगी वर्जित :** परीक्षा केन्द्रों में छात्र-छात्रा अपने साथ किसी भी प्रकार की इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस नही ले जा सकेंगे। जूते-मोजे पहनकर परीक्षा केन्द्र में प्रवेश वर्जित होगा। परीक्षार्थी चप्पल व सेण्डल पहनकर परीक्षा केन्द्र पहुंचे। चेहरे को ढंक कर परीक्षा कक्ष में प्रवेश वर्जित होगा। परीक्षार्थी अपने कपड़ों, कफलींक, धूप का चश्मा, जूते-मोजे, हाथ के बैंड, हाथ में बंधे बंधन, परीक्षा में पेंसिल, रबर (इरेजर) व व्हाईटनर, बालो को बांधने का क्लेचर, बकल, घड़ी, हाथ में पहने जाने वाले मैटेलिक तथा चमड़े के बैंड, कमर में पहने जाने वाले बेल्ट, धूप में पहने जाने वाले चश्मे, पर्स तथा वॉलेट, टोपी, तावीज वर्जित रहेंगे।

कलेक्टर सिंह द्वारा परीक्षा केन्द्र डाइट के लिए प्राचार्य अनीता बड़गुर्जर, केन्द्रीय विद्यालय के लिए प्राचार्य जीवन वर्मा, शासकीय स्वामी विवेकानंद हाई स्कूल मंडी के लिए प्राचार्य हेमलता राठौर, शासकीय महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय के लिए प्राचार्य डॉ. पंकज जैन, शासकीय एक्सीलेंस हायर सेकेण्डरी स्कूल के लिए प्राचार्य सुनीता जैन, शासकीय कन्या महाविद्यालय के लिए प्राचार्य डॉ. गणेश लाल जैन, शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के लिए प्राचार्य रूपश्री नागेश तथा शासकीय चन्द्रशेखर आजाद महाविद्यालय के लिए प्राचार्य शीलचंद गुप्ता को केन्द्राध्यक्ष नियुक्त किया है।

### दोपहिया वाहनों से 4 फीट बचती है जगह, लगता है जाम

# पार्किंग स्थल नहीं, बेतरतीब हो रहा यातायात नमक चौराहा से लाल मस्जिद तक रोड पर निकलना हुआ मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



नगर के व्यस्तम बाजार गांधी रोड पर दोनों तरफ वाहनों के खड़े रहने से यहां पर निकलने के लिए भी चार से पांच फीट की जगह ही बचती है। खासकर बाजार के दिन मंगलवार को तो स्थिति और खराब रहती है। यहां पर सबसे अधिक महिलाएं खरीदी करने पहुंचती हैं। गांधी रोड सहित शहर के अन्य मार्गों की हालत खराब है। इन सड़कों पर वाहनों को बेतरतीब खड़े करा दिया जाता है। इन वाहनों के कारण जाम की स्थिति बनती है। हालत यह है कि यहां से निकलना भी कठिन हो जाता है।

**पार्किंग की नहीं है व्यवस्था :** नगर में पार्किंग की व्यवस्था नहीं होने से आए दिन समस्या होती है। वाहनों को खड़ा कराने के लिए कहीं पर भी सुविधा नहीं है। इसलिए वाहनों को खड़ा कराने के लिए एक स्थायी जगह निर्धारित होना चाहिए।

#### इन स्थानों पर भीड़ के चलते बिगड़ती है व्यवस्था

**गांधी रोड:** इस रोड पर हर रोज काफी भीड़ होती है। यह कपड़ा बाजार है। साथ ही सौंदर्य प्रसाधन की दुकानें भी इस बाजार में हैं। यही कारण है कि यहां पर महिलाओं की काफी भीड़ रहती है।

**वर्तमान स्थिति:** दोनों तरफ दुकानों के बाहर ग्राहक अपनी बाइक और अन्य दोपहिया वाहनों को खड़ा कर देते हैं। साथ में कई दुकानदार भी दुकानों का सामान बाहर रख देते हैं। इसके बाद बीच में थोड़ी 4 से 5 फीट जगह ही निकलने के लिए बचती है। कई बार तो हाथ ठेले भी खड़े हो जाते हैं तो इससे व्यवस्था और बिगड़ जाती है। ऐसे में इस मार्ग पर जगह-जगह जाम की स्थिति बनती है। इसके लिए अभी तक कोई प्लान नहीं बन सका।

**मेनरोड:** यहां पर भी दिन में कई बार जाम लगता है। कोतवाली चौराहा से लिसा टॉकीज चौराहा तक काफी समस्या रहती है। इन जगहों पर भी बड़ी संख्या में बेतरतीब वाहन खड़े होते हैं इससे निकलना मुश्किल होता है। साथ ही आएदिन जाम लगता है।

**वर्तमान स्थिति:** कोतवाली चौराहा से पान चौराहा तक काफी भीड़ हर रोज रहती है। यहां पर सड़क किनारे कई हाथ ठेले भी खड़े रहते हैं। ऐसे में जाम लगने लगता है। यहां से निकलना कई बार काफी कठिन हो जाता है फिर भी वयवस्था बनाने के लिए कोई प्लान नहीं है। बड़ा बाजार के टर्न पर भी पिछले कुछ समय से समस्या हो रही है। यहां पर दोनों तरफ कई हाथ ठेलों के खड़े होने से जाम लगता है।

## चुन्नू मुन्नू आओ सब्जियां ले लो, बच्चों ने स्कूल में मुद्रा के बदले चीजें खरीदना सीखा

### ब्ल्यू बर्ड स्कूल में छात्रों ने अनोखे तरीके से सीखा मुद्रा विनियम



**सीहोर।** मुद्रा अधिकांश वस्तुओं और सेवाओं के विनिमय का एक माध्यम है। अलग-अलग सिक्कों और कागजी मुद्रा का अलग-अलग मूल्य होता है। बच्चों को वस्तुओं और सेवाओं के बदले में उपयोग किए जाने वाले विभिन्न सिक्कों और कागजी मुद्रा के नाम और मूल्यों को पहचानने की क्षमता की आवश्यकता होती है। इसके अलावा उन्हें गुणा सीखना भी जरूरी है जो बाजार में खरीदारी करने में काम आता है। ये दोनों पाठ ब्ल्यू बर्ड स्कूल में बाजार लगाकर बच्चों को बड़े ही अनूठे और आकर्षक तरीके से सिखाए गए। स्कूल में प्राथमिक कक्षाओं के लिए, उनके शिक्षकों ने 6 अलग-अलग उत्पाद की दुकानों के साथ एक बाज़ार स्थापित किया। छात्रों को नकली पैसे दिए गए और स्कूल के सीनियर छात्रों को दुकानदार बनाया गया। कक्षा 1 से 5 तक के छात्र अपने वरिष्ठों और शिक्षकों की मदद से मुद्रा विनियमन का पाठ पढ़ा। उनके लिए खिलौने, फल, खेल का सामान, किराना और स्टेशनरी की दुकानें लगाई गईं। इसके अलावा सब्जी का ठेला भी बनाया गया जो छात्रों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। ठेले पर सब्जी बेच रहे छात्र अथर्व सिटोके बेहद मनमोहक अंदाज में बच्चों से गाते दिखे, ₹आओ बच्चों देखो सब्जी वाला आया है, चुन्नू-मुन्नू आओ सब्जी ले जाओ।₹ स्कूल की शिक्षिका हिना घावरी, राधिका बुंदेला, अरीबा बेग, शिवानी चौहान और आयुषी शर्मा ने छात्रों के लिए बाजार स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### पिछले 3 दिन से नहीं है कोई गायनिक, प्रसूताओं की परेशानी से जिम्मेदार बेखबर

# शांति रखिए! सुरक्षा कर्मी सो रहे हैं सिविल हॉस्पिटल भगवान भरोसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



निजी अस्पतालों से सांठगांठ के चलते डॉ मोनिका जैन को जिला अस्पताल में अटेचमेंट होने के बाद से ही दूसरे डॉ आरके जैन पिछले 3 दिन से छुट्टी पर हैं। अब ऐसे में ब्यावरा सिविल हॉस्पिटल में आने वाली प्रसूताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यदि कोई कॉम्लिकेशन होते हैं तो उन्हें ब्यावरा के सिविल हॉस्पिटल में देखने वाला कोई है ही नहीं। ऐसी परिस्थितियां जानबूझकर बनाई जाती हैं स्वतः ही निर्मित हो रही है यह समझना होगा, जिससे निजी हॉस्पिटल को सहयोग किया जा सके। प्रसूताएं परेशान होकर निजी हॉस्पिटल का रूख करेंगी और संबंधित को इसके बदले में सम्मान मिलता रहेगा।

डॉ मोनिका जैन को अच्छे काम करने के चलते हटाया गया। क्योंकि उनकी किसी ने शिकायत की थी। जबकि उन्होंने संबंधित पर हॉस्पिटल में हाथापाई के चलते एफआईआर करवाई इस पर विभाग के आला अधिकारियों ने ध्यान नहीं नही दिया। और अंततः पुराने ढर्रे पर पहुंच गया सिविल हॉस्पिटल व्याबरा।

#### कलेक्टर हर्ष दीक्षित के कहने पर हुआ था 1 ऑपरेशन

हरिभूमि इस बात की गवाह है कि 6 सितंबर 2022 को कलेक्टर हर्ष दीक्षित ने ब्यावरा हॉस्पिटल का रात 8 बजकर 30 मिनट पर निरीक्षण करते हुए वहां पर सीएमएचओ दीपक पिप्पल सहित लोकल स्टॉफ को निर्देश दिए थे कि यहां पर एक प्रसूता का ऑपरेशन किया जाए, जिससे गर्भवती महिलाओं के मन में हॉस्पिटल के काम के प्रति विश्वास जागे, चाहे फिर उसके लिए एनेस्थेटिक कहीं से भी लाया जाए। ऐसी स्थिति से जूझने वाले हॉस्पिटल को यदि पिछले दिनों 40 दिनों में 29 प्रसूताओं के सीजर करने वाली डॉ मोनिका जैन मिलती है तो उसे भी षढयंत्र द्वारा हटाकर उसका अटैचमेंट करवा दिया जाता है। जिससे फिर निजी हॉस्पिटल एवं कमीशन खोर लोगों की जीत हो जाती है और आम जनता की हार हो हाती है। ऐसे में कलेक्टर हर्ष दीक्षित एवं सीएमएचओ डॉ किरन वाडिवा को जनता के हित को ध्यान में रखते हुए चंद लोगों की बातों पर जनता के हितों को नहीं छोड़ना चाहिए।

#### सुरक्षा के नाम पर चल रही मक्कारी, नहीं होती कार्रवाई

सुरक्षाकर्मीयों के मौज सिर्फ ब्यावरा सिविल हॉस्पिटल में ही देखने को मिल सकते हैं। जहां पर डिनर करके आइए और चद्दर तान के सो जाइए। कोई देखने वाला नही है और न ही सीसीटीवी में देखने के बाद भी कार्रवाई की जा रही। ऐसे में समझा जा सकता है कि ब्यावरा सिविल हॉस्पिटल के हालात किस हद तक निम्न स्तर पर आ चुके हैं। 11 दिसंबर के सीसीटीवी फुटेज यह बताने किए काफी हैं कि किस तरह सुरक्षा कर्मी खुलेआम मेन गेट के सामने वाली प्लेटफॉर्म पर सो रहे हैं और एमरजेंसी डॉक्टर से लेकर कोई भी कुछ कहने वाला नहीं है। फिर मरीजों एवं प्रसुताओं की सुरक्षा की बात करना तो बेमानी ही है।

**कार्रवाई की जाएगी**

यदि ऐसी कोई बात है तो जांच उपरांत अवश्य ही कार्रवाई की जाएगी। सुरक्षाकर्मियों की इस तरह की लापरवाही को नजरअंदाज नहीं किया जाएगा।

**डॉ सोरेन दत्ता, बीएमओ ब्यावरा**

---

**टक्कर मारने के बाद वाहन चालक मौके से फरार**

## जालपा पहाड़ी के नीचे हादसा, महिला की मौत



**राजगढ़।** राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर राजगढ़-खिलचीपुर के बीच अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला की मौके पर ही मौत हो गई। बाद में मृतिका के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया गया।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह एनएच-52 पर जालपा मंदिर की पहाड़ी के नीचे खिलचीपुर तरफ से आ रहे वाहन ने गेंदीबाई पत्नी गोपीलाल वर्मा, जोगीपुरा को टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। आसपास एकत्रित लोगों में महिला को अस्पताल पहुंचाने की कोशिश की, लेकिन तब तक वह दम तोड़ चुकी थी। बताया जा रहा है कि मृतिका महिला मंदिर क्षेत्र के आसपास ही रहती थी।

#### युवक की मौत पर अस्पताल में हंगामा

गुरुवार रात्रि देवचंद पिता मदनलाल तंवर, नयागांव, 22 साल को घायल अवस्था में जिला अस्पताल भर्ती करवाया गया था। रात्रि में इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। इसके बाद परिजनों ने अस्पताल में काफी हंगामा मचाया। परिजनों का कहना था की गांव के ही लोगों ने देवचन्द की हत्या की है लेकिन पुलिस ने अपने कागजों में एक्सीडेंट दर्शाया है।

---

## खुले और सार्वजनिक स्थानों पर मांस, मछली अंडे का विक्रय करने वालों पर की गई कार्रवाई



**सारंगपुर।** मध्यप्रदेश शासन के आदेशानुसार नगरीय क्षेत्र सारंगपुर में मुख्य नगर पालिका अधिकारी एलएस डोडिया के निर्देशानुसार नगर में खुले एवं सार्वजनिक स्थानों पर मांस मछली अंडे विक्रय करने वाले दुकानदारों को मुनादी कर सूचना दी गई एवं नगर के तीन दुकानों पर कार्रवाई की गई। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार नगर में यह मुहिम चलाई जा रही है जो की निरंतर जारी रहेगी एवं खुले में व सार्वजनिक स्थानों से मांस मछली अंडे विक्रय करने वालों की दुकानें हटाई जाएगी व नियमों का पालन नही करने वालो पर कड़ी कार्रवाई की जावेगी उक्त कार्यवाही में नगर पालिका आरएसआई सूर्यप्रकाश झाला, स्वच्छता प्रभारी सतीश कंडारे, एआरआई सालार काजी दरोगा तरुण दावरे सहित कर्मचारी अशोक खटक, सतीश नान्यंवे, प्रदीप वातरे, राजेश पुष्पद, दीपक पुष्पद सहित पुलिस प्रशासन आदि उपस्थित थे।

---

**दानपेटी में 1 लाख रुपए होने का अनुमान**

## अज्ञात चोरों ने कहारखेड़ा गांव में बाबा रामदेव मंदिर की दानपेटी तोड़कर चोरी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर



नगर के समीपवर्ती गांव कहारखेड़ा में अज्ञात चोरों ने बाबा रामदेव जी के मंदिर की दानपेटी तोड़कर उसमें रखी नकदी लेकर फरार हो गए। पूर्व सरपंच बालचन्द वर्मा सहित ग्रामीणों ने बताया कि गांव की आवास कॉलोनी स्थित बाबा रामदेवजी के मंदिर में रात के समय में दानपेटी को तोड़ कर उसमें से राशि चोरी कर ले गए। दानपेटी में लगभग 1 लाख हजार रुपए होने का अनुमान है। घटना की जानकारी गुरुवार की शाम को पुजारी राधेश्याम वर्मा पूजा करने गए तब लगी।

पुजारी राधेश्याम ने बताया कि जब में मंदिर का ताला खोलकर मंदिर में प्रवेश किया तो यहां पर मंदिर की दान पेटी टूटी हुई दिखी, तत्काल ग्रामीणों को इसकी सूचना दी। मंदिर का ताला लगा रहता है लेकिन मंदिर के गेट के ऊपर कुछ जगह है वहां से बदमाश ने अंदर जाकर इस बड़ी चोरी को अंजाम दिया है।

---

## रविवार को अक्षत कलश शोभायात्रा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

आगामी 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर निर्माण एवं प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव होगा। प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर देश भर में उत्साह पूर्वक विभिन्न आयोजन हो रहे जिसमें नगर में 17 दिसम्बर को समय-दोपहर 12 बजे अक्षत कलश वितरण शोभायात्रा का आयोजन रखा गया है जोकि स्टेडियम प्रांगण खेल मैदान शुरू होगा। 1 जनवरी से 20 जनवरी तक घर -घर पीले चावल पत्रक भगवान राम का चित्र विवरण, 22 जनवरी को प्रत्येक मंदिर में 11 से 1 बजे धार्मिक आयोजन किया जाएगा । 22 जनवरी को रात में प्रत्येक घर में रांगोली बनाना दीपों की जगमगाहट करना प्रत्येक घर से मंदिर पर दीपक लगाना। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर उत्सव समिति तहसील ने आग्रह करते हुए कहा कि इस पावन अवसर पर धार्मिक आयोजन भजन कीर्तन सुंदरकाण्ड पाठ हनुमान चालीसा पाठ करें।

---

## सीएम की प्राथमिक घोषणाओं पर प्रशासन ने शुरू की कार्रवाई

### नहीं विकेगा खूले में मांस, अंडे और नहीं चलेंगे तेज आवाज में डीजे साउंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर



बुधवार को डॉ. मोहन यादव ने नवागत मुख्यमंत्री के रूप में जैसे ही शपथ ली उन्होंने लाउड स्पीकरों की आवाज व खुले में मांस-मछली के विक्रय पर रोक लगाने सहित अन्य निर्णय लिया है।

इसी को लेकर शुक्रवार को खुजनेर थाना परिसर में जनप्रतिनिधियों एवं टीआई, नपा सीएमओ कि उपस्थित में शांति समिति कि बैठक आयोजित कि गई। जिसमें शासन के आदेश अनुसार नगर सहित क्षेत्र में निर्धारित आवाज में ही लाउड स्पीकरों को बजाय जा सकेंगा। जो मानक तय हैं उसके अनुरूप ही बजाने की अनुमति रहेगी। रहवासी इलाकों में 55 डेसिबल से अधिक पर इनको बजाना प्रतिबंधित रहेगा। इसकी जांच के लिए उड़नदस्ता द्वारा जांच की जाएगी। साथ ही खुले में मांस-मछली, अंडे आदि का विक्रय नहीं किया जा सकेगा। सिर्फ लाइसेंस होने पर ही नियत स्थान पर विक्रय करने की अनुमति रहेगी। थाना परिसर में आयोजित बैठक के दौरान प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों ने लोगों को निर्देश देते हुए उन्हें शासन के निर्देशों से अवगत कराया व नियमों का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान टीआई राधिका भगत, सीएमओ उमेश शर्मा,पूर्व नप अध्यक्ष पंकज शर्मा, नपा उपाध्यक्ष बाबूलाल कुशवाहा, प्रेम राजपूत, अजीज मौला, बीरम वर्मा, विजेन्द्र नागर,मुर्तजा अली आदि उपस्थित रहे।

---



## कांग्रेसियों ने सरदार पटेल की पुण्यतिथि मनाई

**सारंगपुर।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि पर कांग्रेस जनो द्वारा श्रद्धासुमन अर्पित किए। शहर एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के द्वारा आयोजित कार्यक्रम मे वल्लभ भाई पटेल चैराहे पर लोह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की मूर्ति पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हेमेंद्र सोलंकी शहर कांग्रेस अध्यक्ष आबिद लोधी पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रमोद सादानी वरिष्ठ अधिवक्ता ओपी विजयवर्गीय, लखन राजपूत, रईस मंसूरी, महेश सोनी, मनीष सोनी सहित कांग्रेसी मौजूद थे।

---

## चार दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**कुरावर।** खेल प्रतियोगिता हाई सेकंडरी स्कूल इकलेरा में चार दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन चल रहा है जिसमें कबड्डी वॉलीबॉल क्रिकेट एथलीट्स स्लो साइकिल रेस आदि खेलों का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर प्रतियोगिताओं में भाग लिया प्रतियोगिताओं को संपन्न करवाने में विद्यालय के राकेश यादव रवि सेन गोकुल अहीरवाल भारत भिलाला डॉक्टर प्रेम सिंह कुंभकार विनोद तुमसे अंकित मंडल आदि का सहयोग रहा। विद्यालय प्रचार श्रीमती प्रियंका बिजरानी एवं खेल प्रशिक्षक महेश मंडोलिया ने समस्त विद्यालय के शिक्षकों का आभार व्यक्त किया।

---

## सेवा की प्रतिमूर्ति कुशल संगठक और चिंतक थे भगवतशरण माथुर : टेटवाल




**सारंगपुर।** मध्यप्रदेश भाजपा के पूर्व सहसंगठन महामंत्री एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक भगवतशरण माथुर दलित शोषित वंचित लोगों की चिंता करने वाले सेवा की प्रतिमूर्ति की कुशल संगठक एवं महान चिंतक थे। यह बात स्वर्गीय भगवतशरण माथुर की पुण्यतिथि पर गुरूवार शाम को भाजपा कार्यालय में आयोजित पुष्पांजलि सभा में विधायक गोतम टेटवाल ने कही। उन्होंने कहां कि उनकी नीतियों के कारण ही प्रदेश मे बीस साल पहले प्रचंड बहुमत से भाजपा की सरकार बनी थी।

कार्यक्रम को पुर्व विधायक कुंवर कोठार निर्मल जैन पीएस मंडलोई, जिला उपाध्यक्ष अक्षय सक्सेना, नगरपालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल, गुलावता मंडल अध्यक्ष सतीशसिंह बेस, विष्णु पाटीदार सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने अपने अपने अनुभव साझा कर उन्हें पुष्पाजलि अर्पित की। तथा दो मिनिट का मोन रखकर श्रद्धांजलि दी गई तथा सभी कार्यकर्ताओं ने भगवतशरण माथुर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम का संचालन मनोज जैन ने किया। इस दौरान पूर्व मंडल अध्यक्ष ओम पुष्पद रमेशचन्द्र पुष्पद महामंत्री रमेश लववंशी पुर्व नपाध्यक्ष भैरूंलाल पुष्पद दिनेश शर्मा शिवनारायण काका नवीन रुण्डवाल नरेन्द्र कंडारे पार्षद राकेश पुष्पद भानु लववंशी अमित गिरजे बाबू अहिरवार सुनील बागवान कुलदीप राठौर अमित सक्सेना विनोद लववंशी नवीन रूण्डवाल महेश पुष्पद अनूप परमार इफ्तिखार अंसारी राहुल पुष्पद मांगीलाल टेलर पृथ्वी टेटवाल श्याम सोलंकी गोलु बाल्मीकि विनोद पुष्पद राजेश बेस सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

---

## 16 फरवरी को होगा सौंधिया समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन

**ब्यावरा।** अखिल भारतीय सौंधिया राजपूत समाज संगठन की बैठक शुक्रवार को सम्पन्न हुई। राजगढ़ रोड के बामलाबे जोड़ पर स्थित सामाजिक परिसर में इस बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में होने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन की कार्य योजना बनाई गई। बैठक में सामाजिक पदाधिकारीयों ने तय किया कि इस वर्ष का पहला सामूहिक विवाह सम्मेलन बसंत पंचमी के 2 दिन बाद आयोजित किया जाएगा। यह सम्मेलन बामलावे जोड़ के सामाजिक परिसर में संपन्न होगा। ब्यावरा ब्लॉक के अध्यक्ष श्याम सिंह चैहान ने बताया कि 16 फरवरी को दिन में होने वाले इस सम्मेलन में वर वधु से 30 हजार की राशि ली जाएगी। साथ ही वधु को दहेज की सामग्री भी दी जाएगी। बता दे कि फिजुलकर को रोकने के उद्देश्य से सौंधिया राजपूत समाज पिछले 3 दशकों से सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन करता आ रहा है। समाज के ही राष्ट्रीय पदाधिकारी प्रताप सिंह सिसोदिया ने बताया कि इस सम्मेलन में बालिग वर वधू का ही पंजीयन किया जाएगा। दिन में होने वाले इस सम्मेलन से लाखों करोड़ों रुपए की फिजूल कर्जी रुकेगी, इससे सामाजिक उन्नति के द्वार खुलेंगे। इस बैठक में इंजी. प्रताप सिंह सिसोदिया, विनय सिंह कीलखेड़ा, नारायण सिंह सालरिया खेड़ी, गजराज सिंह खंडियापुरा, फूल सिंह चंदर पूरा, कमल सिंह बामलाबे, मांगीलाल पटेल कीलखेड़ा, इंदर सिंह माधोपुरा सहित समाज पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

---

## हर घर-घर पहुंचेंगे आज अक्षत पूजन, निकाला भव्य जुलूस



**खुजनेर।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की बैठक प्रखंड खुजनेर में अयोध्या से पूजित अक्षत अब खंड मंडल ईकाई हर घर घर पहुंचेगे आज अक्षत पुजन के कार्यक्रम में समस्त हिन्दू समाज एकजूट होकर पूरे खुजनेर नगर में भव्य जुलूस निकाल कर राम लला हम आयेंगे। जय कारें के साथ सभी भक्तों मातृशक्ति खुजनेर अध्यक्षा श्रीमती कैलाशी बाई यादव ने भी पूजन किया। जिसमें जिला अध्यक्ष तेजेन्द्र उपाध्याय ने परिचय तथा अयोध्या के बारे में जानकारी दी आज उद्बोधन के रूप में विभाग सत्संग प्रमुख सुनील नागर ने अयोध्या रामलला तथा यह अभियान के बारे में चर्चा की ओर सभी हिन्दू समाज से आग्रह किया की एक भी परिवार नहीं छुटे ओर हर घर में हर गांव में दिपावली मनाई जाए। 22जनवरी को फिर 500 सो वर्ष बाद अयोध्या में राम आयेंगे इसलिए सभी हिन्दू समाज इस पुनीत कार्य में जुटें। जिसमें जिला अध्यक्ष तेजेन्द्र उपाध्याय अभियान प्रमुख डॉ विजेन्द्र नागर हिन्दू जागरण मंच प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य खंडभियान प्रमुख बिरम सिंह खंड कार्यवाह नारायण कुंभकार जिला गो सेवा प्रमुख जिला सह संयोजक सुनील यादव, दिलिप नागर, धुरी लाल अध्यापक,दिपक किस्मत, रामबाबू विश्वकर्मा, प्रखंड सत्संग प्रमुख बालकृष्ण, प्रखंड संयोजक भगवानसिह सुनील बेरागी, राहुल यादव, राहुल बेरागी, गणेश यादव आदि समस्त खंड उपखंड मंडल तक के समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

---

**शादी-समारोह में तेज बजते डीजे, होती आतिशबाजी व खड़े रहते अव्यवस्थित वाहन**

# नियमों को ताक में रख हो रहे नगर में मैरिज गार्डन संचालित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर




खिलचीपुर में पूंजीपति, रसूखदार लोगों ने मैरिज गार्डन बनाकर शादी समारोह आदि प्रोग्राम करवा कर मोटी रकम कमाने का व्यवसाय बना रखा है। जिसके चलते नगर में दर्जनों मैरिज गार्डन नगर के बस स्टैंड, इमली स्टैंड, छापीहेड़ा नाका, सोमवारिया, आईटीआई भवन कुडिबेह रोड, मेला पशु ग्राउंड के सामने आदि बनकर तैयार हुए हैं ओर मोटी रकम कमा रहे हैं। यही नहीं मैरिज गार्डन संचालकों द्वारा नगर परिषद द्वारा कोई अनापत्ति प्रमाण पत्र भी नहीं लिए गए हैं। यदि कुछ ने लिए भी हैं तो नवीनीकरण नहीं कराया है, जबकि मैरिज गार्डन व्यवसाय को करने के पहले नगर परिषद, बिजली विभाग, एसडीएम कार्यालय से अनुमति लेना अतिआवश्यक है।

#### मैरिज गार्डन व्यवसाय के क्या हैं नियम

हर 5 वर्ष में लाइसेंस को नवीनीकरण करना, किसी भी समारोह हवाई फायर पर पूर्णतः प्रतिबंध है, रात्रि 10 बजे के बाद डीजे उपयोग नहीं, आतिशबाजी के लिए निर्धारित स्थान, समारोह के बाद कचरा फेंकने की जिम्मेदारी, व्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था, मैरिज गार्डन में वृक्षारोपण, पार्क, खुली भूमि का होना, बिजली कनेक्शन, पानी और जनरेटर की व्यवस्था, सीवेश निकासी के लिये पर्याप्त व्यवस्था, विवाह स्थल के सामने सड़क की चौड़ाई 40 फिट का होना, भवन नियमो के अनुसार ही अग्निशमन यंत्र, महिला और पुरुषों के लिए पर्याप्त प्रसाधन कक्ष, बारात के लिए अनुमति लेने और सड़कों को जाम से बचाने की जिम्मेदारी गार्डन संचालक की होगी।

#### मैरिज गार्डन में तेज साउंड लोगों के लिए प्राण घातक

मैरिज गार्डन में डीजे से 80 डेसिबल तक शोर होता है, जो सीधे ध्वनि प्रदूषण करता है। जबकि सामान्य अवस्था के हिसाब से मानव शरीर दिन के समय अधिकतम 55 डेसिबल और रात के समय अधिकतम 45 डेसिबल तक ही ध्वनि सहन कर सकता है, इससे ज्यादा होने पर दुष्प्रभाव सामने आते हैं। तेज साउंड बहरापन, मानसिक उत्तेजना, चिड़चिड़ापन और दिमागी असंतुलन हो सकता है।

#### मैरिज गार्डन से निकली अपशिष्ट सामग्री पशुओं के लिए घातक

मैरिज गार्डन संचालकों द्वारा समारोह प्रोग्राम के बाद उचित साफ-सफाई तथा अपशिष्ट पदार्थ जैसे पत्तल, दोना, गिलास आदि को व्यवस्थित रूप से नष्ट नहीं करने से, इधर-उधर घूमते हुए मवेशियों के लिए जानलेवा है।

**मुझे जानकारी नहीं**

मुझे जानकारी नहीं है। रिकॉर्ड देखने के बाद ही बता पाऊंगा कितने वैध है और कितने अवैध हैं।

**अशोक पांचाल, सीएमओ खिलचीपुर।**

**जांच कर कार्रवाई करेंगे**

नगर परिषद से जानकारी लेकर बताती हूं कि कितने मैरिज गार्डन की अनुमति है। यदि अवैध रूप से संचालित है तो जांच कर कार्रवाई करेंगे।

**अंकिता जैन, एसडीएम खिलचीपुर**

**खबर संक्षेप**

## बांटे जाएंगे उज्ज्वला योजना के कनेक्शन

**आष्टा।** लोकसभा चुनाव से पहले केंद्र सरकार ने एक बार फिर से प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत रसोई गैस कनेक्शन बांटना शुरु कर दिया है। इसके लिए नगर के साथ-साथ गांव-गांव में शनिवार शिविर लगाए जाएंगे, जिसमें इच्छुक महिलाओं से उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन के लिए आवेदन लिए जाएंगे। बता दें कि केंद्र सरकार का इन दिनों विकसित भारत संकल्प अभियान चला रही है। इस अभियान के तहत 16 दिसंबर से 26 जनवरी तक प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन बांटे जाएंगे। इसके लिए जिले भर में नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में सरकार की ओर से सभी गैस एजेंसी संचालकों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। जिले में जिला खाद्य व आपूर्ति विभाग को इसका नोडल बनाया गया है। क्षेत्रीय गैस एजेंसी संचालक शिविरों में हितग्राहियों से आवेदन और दस्तावेज लेकर संबंधित पोर्टल पर उनकी एंट्री करेंगे। साथ ही स्वीकृति मिलने के पश्चात हितग्राही निःशुल्क गैस कनेक्शन प्रदाय किया जाएगा। इन गैस कनेक्शनधारियों को प्रदेश सरकार ने विधानसभा चुनाव से पहले 450 रुपए में रिफिल सिलेंडर देना शुरू किया है। गैस एजेंसी संचालक ने बताया कि योजना में सामान्यतः अनुसूचित जाति एवं जनजाति, बीपीएल परिवार, पात्रता पर्ची धारी परिवार आदि की महिलाओं को गैस कनेक्शन लेने की पात्रता है।

### आम लोगों की सुविधाओं के लिए की गई व्यवस्थाओं का नहीं मिल रहा लाभ

# रेन बसेरे में लगा रहता है ताला, ठंड से ठिठुरते लोग फुटपाथ पर गुजार रहे रात

नगर पालिका द्वारा संचिलित होने वाले रेन बसेरे में लटका रहता है ताला।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



तापमान में गिरावट के साथ ही सर्दी का सितम बढ़ता जा रहा है। इस समय सुबह, दोपहर, शाम हो या फिर रात लोग ठंड से ठिठुरते नजर आ रहे हैं। बावजूद इसके नगर के नया बस स्टैंड स्थित एकमात्र रेन बसेरा ताले में कैद है। ऐसे में जरूरतमंद को कैसे इसका लाभ मिलता होगा ,ताले से ही अंदाजा लगा सकते हैं। जो लोग रेन बसेरे तक पहुंचते हैं उनको मजबूरी में वापस खाली लौटना पड़ता है। नगर पालिका अध्यक्ष हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा इस संबंध में पहले भी निर्देशित कर चुकी है। वही समीप सिविल अस्पताल के बाहर शॉपिंग कंपलेक्स परिसर में अनेक गरीब ठंड में थिटुरते हुए व सोए हुए नजर रोज आते हैं।

आष्टा बस स्टैंड पर कई साल पहले रेन बसेरे का निर्माण किया था। इसका यही उद्देश्य था कि रात में व्यवस्था नहीं होने पर अंजान व्यक्ति आसानी से रुक सकें, लेकिन यह कहने मात्र का रह गया है। वजह रेन बसेरे के गेट पर ताला जड़ा रहता है। हालांकि नगर पालिका की तरफ से जरूर कहा जा रहा है कि रेन बसेरा हर समय खुला रहे ।इसके लिए युवक को तैनात किया गया है, लेकिन फिर क्यों इसमें ताला जड़ा रहता है ।उस पर सवाल खड़े होने लगे हैं। लॉज में रूकने के 500 से 900 रुपए तक देना पड़ते है।

रहवासियों का कहना है कि अंजान व्यक्ति को यदि रात रूकने की नौबत आई और उसे रेन बसेरा में ताला लगा हुआ मिला तो लॉज का सहारा लेना पड़ता है। लॉज में रूकने के 500 से 900 रुपए तक देना पड़ता है। गरीब व्यक्ति को तो इधर उधर ठिठुरते ही रात काटना पड़ती है। बता दे कि बस स्टैंड से प्रतिदिन करीब दो हजार से ज्यादा यात्री आवाजाही करते हैं। कई बार यात्रियों की बस छूटने के कारण उनको स्टैंड पर ही रात काटना पड़ती है।


### यहां नहीं रेन बसेरा

20 हजार की आबादी वाले जावर नगर में रेन बसेरे की कोई सुविधा नहीं है। इस वजह से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। खासकर इस समय सर्दी के मौसम में ज्यादा लोगों को दिक्कत होती है। आमजन को सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से लोग नगर में रेन बसेरा बनाने की लगातार मांग कर रहे हैं, लेकिन अभी तक इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। यदि रेन बेसरा बनता है तो जरूर राहत मिल सकती है। नगर पालिका सीएमओ राजेश कुमार सक्सेना ने बताया कि रेन बसेरा बंद नहीं है बल्कि हर समय आमजन के लिए खुला ही रहता है। इसके लिए एक लडक़े को भी रेन बसेरे में तैनात किया गया है। यदि रेन बसेरा बंद था तो इसकी जानकारी लेता हूं।




# शासन-प्रशासन-पुलिस के निर्देशों का पालन शुरू

### मंदिर के शिखर पर लगे लाउडस्पीकर हटाए



**आष्टा।** समिति ने आगे आ कर मंदिरों के शिखर पर लगे लाउड स्पीकर उतारे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

राज्य सरकार के द्वारा दिये गये निर्देशो का अक्षरसा पालन करने के लिये कल तहसील में प्रशासन पुलिस ने नगर के सभी धर्म स्थानों के प्रमुखों,सभी धर्म गुरुओं की बैठक आयोजित की थी और उन्हें धर्म स्थानों से गुम्बद, शिखर पर लगे लाउडस्पीकर, माइक,चिलम आदि को 5 दिनों के अंदर हटाने के निर्देश दिये गये थे । दिये गये निर्देशो का 12 घंटे बाद से ही पालन होना शुरू हो गया। आज प्रातः नगर के प्राचीन शंकर मन्दिर के शिखर पर लगी चिलम मन्दिर के महंत हेमन्त गिरी,मंदिर समिति के सुदीप जायसवाल,विहिप के गोपालदास राठी, चंद्रसिंह राजपूत, शैलेंद्र सिंह राजपूत, अशोक भूतिया,धर्म सोनी, प्रहलाद सिंह भगत मेवाड़ा, सुनील जामलिया, गेंदा लाल विश्वकर्मा,महेश पांचाल,अके सिंह, चंदर सिंह मालवीय,भुरू सोनी, फूलचंद कचनेरिया, सचिन शर्मा, राकेश भावसार,बाबू पांचाल, राजेंद्र वर्मा, पुजारी शैलेंद्र गिरी सहित अन्य सदस्यो की उपस्तिथि में मन्दिर के शिखर पर लगी चिलम उतारी गई। स्मरण रहे कल सम्पन्न हुई बैठक में एसडीएम आनन्दसिह राजावत, एसडीओपी आकाश अमलकर सहित टीआई ने बैठक में उपस्तिथ सभी मंदिर,मस्जिद,सहित अन्य सभी धर्मों के धार्मिक स्थानों के प्रमुख,सभी धर्मों के धर्म गुरुओ को शासन से आये निर्देशो से अवगत कराते हुए सभी को अपने अपने धर्म स्थानों से लगे लाउडस्पीकर, माइक, चिलम आदि स्वेच्छा से हटाने के लिये 5 दिनों का समय दिया था। बैठक में दिए निर्देशो का 12 घंटे बाद ही असर नजर आने लगा है। बैठक में टीआई पुष्पेन्द्र सिंह राठौर ने राज्य शासन गृह विभाग से आये निर्देशो, गाइडलाइन, से सभी को अवगत करा कर सभी को उक्त निर्देशो का पालन करने सहयोग करने की अपील की थी।

# 20 दिसंबर के बाद चलेगी शीतलहर, अंतिम सप्ताह में रहेगा कोल्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

ठंड ने धीरे-धीरे अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। ठंड के कारण लोग अभी से परेशान है। वही अगर मौसम विभाग की माने तो इस माह के 20 तारीख के बाद शीत लहर चलेगी और अंतिम सप्ताह में कोल्ड डे रहेगा। इस माह का आखिरी सप्ताह काफी सर्द रहने वाला है। विदित रहे कि पश्चिमी विक्षोभ वेस्टर्न डिस्टरबेंस के असर से नवंबर का आखिरी सप्ताह काफी सर्द रहा है। इस बीच बारिश के साथ कड़ाके की ठंड की स्थिति बनी हुई है। इससे भी ज्यादा ठंडक दिसंबर के तीसरे और चौथे सप्ताह में रहेगी। दिसंबर के तीसरे सप्ताह से शीतलहर चलना शुरू हो जाएगी, जिसका असर चौथे सप्ताह में भी बना रहेगा। दिसंबर के महीने का आखिरी सप्ताह भी बेहद सर्द रहने वाला है। आखिरी सप्ताह में कोल्ड डे भी रहने की संभावना है।पिछले कुछ वर्षों में दिसंबर के महीने में सर्दी का ट्रेंड मिला-जुला रहा है। पूर्व के वर्षों में दिसंबर में दिन का औसत तापमान 28 डिग्री सेल्सियस रहा है। वहीं रात में दिसंबर के महीने में कड़ाके की ठंडक रहती है। दिसंबर में रात का न्यूनतम औसत तापमान 10 डिग्री सेल्सियस रहा है। दिसंबर के महीने में बारिश की स्थितियां भी कई बार बनी हैं। इस आधार पर दिसंबर में औसत 5 मिमी बारिश दर्ज की गई है। इस बार भी दिसंबर महीने की शुरुआत भी बारिश के साथ ही हुई है।पश्चिमी विक्षोभ का असर बना हुआ है। जिससे दिसंबर महीने के पहले सप्ताह में बूंदाबांदी के साथ हल्की बारिश की स्थितियां बनी रहने की संभावना है। पहले सप्ताह में धूप कम रहेगी और रात के मुकाबले दिन में ज्यादा ठंडक रहेगी। दूसरा सप्ताह मिला-जुला रहेगा। वहीं तीसरे सप्ताह में शीतलहर चलेगी और रात में ठंडक का असर बढ़ जाएगा। चौथे और आखिरी सप्ताह में भी शीतलहर चलेगी। आखिरी सप्ताह में शीतल दिन रहने की संभावना है, जिसमें न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने के आसार हैं।

## निःशुल्क गैस कनेक्शन के लिए करें आवेदन

**सीहोर।** प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना 2.0 के तहत निर्धन परिवारों को निःशुल्क गैस कनेक्शन प्रदान करने के लिए ग्राम पंचायत व नगरीय निकायों में आवेदन फार्म जमा किए जा रहे हैं। गैस कनेक्शन प्राप्त करने के लिए आवेदिका को निर्धारित मापदंड अनुसार आवेदन करना होगा। हितग्राही पीएमयूवाय योजना अंतर्गत गैस कनेक्शन प्राप्त करने के लिए नजदीकी ग्राम पंचायत एवं नगरी निकाय तथा गैस एजेंसी पर आवेदन फार्म में वांछित दस्तावेज जमा कर ऑयल कंपनी के ओएमसी पोर्टल पर कनेक्शन स्वीकृत उपरांत प्राप्त कर सकते हैं। योजना के तहत कनेक्शन प्राप्त करने के लिए अनुसूचित जाति गृहस्थी, अनुसूचित जनजाति गृहस्थी, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के हितग्राही, अन्य पिछड़ा वर्ग, अन्त्योदय अन्न योजना, चाय और पूर्व चाय बागान जनजातियां, बनवासी, द्वीप एवं नदी द्वीप में निवासरत, एसईसीसी गृहस्थी (एएचएल टिन), 14 बिंदुओं के घोषणा पत्र अनुसार गरीब गृहस्थी के हितग्राही पात्र होंगी।

# क्रोध धर्म पुण्य को नष्ट कर देता है: अभय मुनि

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

क्रोध ही पलभर में व्यक्ति का सब कुछ नष्ट कर देता है। क्रोध सारे धर्म पुण्य को नष्ट कर देता है। प्रभु से विनती करना है तो क्रोध को छोड़ना होगा। आत्मा का स्वभाव क्या है। क्रोध बढ़ना नहीं चाहिए, उसे दवाएं और क्षमा भाव रखें।

णमो सिद्धाणम बोलते हैं, क्षमा करें सभी को। क्रोध को घटाना है। अगर सद्गति में जाना है तो क्रोध को घटाना होगा।अगला भव भी सुधरेगा। क्रोध,मान, माया और लोभ को छोड़कर अच्छे मार्ग पर चले। हमेशा क्षमा भाव रखें। संतों के वचन अम्रत समान है।धन आता है तो मान आता है। उक्त बातें महावीर भवन स्थानक में विराजित मधुर एवं विनम्र वाणी के धनी सरल स्वभावी अभय मुनिश्री ने आशीष वचन देते हुए कहीं। आपने कहा कि हमारी आत्मा में चार दोष अनंत काल से चले आ रहे हैं। णमोकार महामंत्र की आराधना करते हुए चारों कषायों को छोड़े।अभय मुनिश्री ने क्रोध को पाईजन बताते हुए कहा कि अगर आपको प्रभु सेवी करना है तो क्रोध को त्यागना होगा। क्षमावान ,विनम्र बने।परम पूज्य अभय मुनि जी ने कहा कि धर्म के प्रति आस्था श्रद्धा बहुत जरूरी है श्रद्धा के बगैर मोक्ष का महल खड़ा नहीं हो सकता। सम्यक दर्शन कैसे प्राप्त होता है, सम्यक दर्शन प्राप्त करने के लिए शरीर का मोह कम करना पड़ता है। आज के युग में सभी मोह में व्यस्त हैं ।आज के युग में सभी को चार पहिए की कार चाहिए ,जबकि आजकल जीवन में चार तरह के विकार हैं।

# सीजन के बाद भी मंडी की आवक घटी

### किसान कम भाव पर उपज बेचने को तैयार नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



थानीय कृषि उपज मंडी में सीजन होने के पश्चात भी आवक का प्रेशर जो होना चाहिए वह एक-दो दिन ही रहा। इन दिनों सीजन की आधी - अधूरी ही आवक हो रही है। मंडी में इस सप्ताह आवक 13 हजार क्विंटल से 15 -17 हजार क्विंटल की हो रही है। किसानों का कहना है कि भाव बढ़ने पर ही हम अपनी उपज विक्रय करने के लिए लाएंगे। जिन किसानों को पैसे की आवश्यकता हैं ,वही किसान अपनी उपज अभी मंडी में नीलामी के लिए ला रहे हैं। मंडी व्यापारी एसोसिएशन के अध्यक्ष रूपेश राठौर, सचिव मनोज जैन सुपर ने बताया कि इन दिनों आवक बहुत कम हो रही है। सीजन में पहले इतनी अधिक आवक होती थी कि मंडी में पैर रखने की जगह भी नहीं रहती थी। मंडी में आवक का प्रेशर अवश्य होगा। गुरुवार को मंडी में गेहूं सुजाता 3005 से 4911 , गेंहू लोकवन 2654 से 3201, गेहूं पूर्णा 2520 से 3351,गेहूं मालव राज 2440 से 2520, गेहूं मिल क्वालिटी2391 से 2641,चना कांटा 4275 से 5800,चना मौसमी 5000से 6400,चना सफेद 11701से 14400,चना काटकू 6661से 12400, सोयाबीन पीला 2351से 5951,मसूर 4800 से 5715,राई 4881,मक्का 2022से 2174 रुपए क्विंटल नीलाम हुए। इसी प्रकार फल सब्जी मंडी में प्याज 600 से 3500 एवं लहसुन 10200 से 21500 रुपए क्विंटल नीलाम हुए।

# नगर में निकाले गए अक्षत कलश के चल समारोह का कई जगह किया गया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



अयोध्या से आए पूजित अक्षत प्रांत से विभाग और विभाग से जिला जिले से तहसील और तहसील से खंड और खंड से अब प्रत्येक गांव तक अयोध्या से आए पूजित अक्षत हर गांव में निमंत्रण के रूप में पहुंच चुके हैं। इसी अभियान में ग्राम कजलास में एक भव्य आयोजन किया गया। जिसमें खंड के सभी गांवों को कजलास में आमंत्रित किया गया। सभी ग्रामीण ढोल धमाके के साथ राम मंदिर कजलास में एकत्रित हुए और वहां से पूजित अक्षत एक रैली के रूप में अपने-अपने गांव की ओर प्रस्थान किया। कजलास में अक्षत वितरण आयोजन का आयोजन बड़े ही भव्य रूप में किया गया। श्री राम मंदिर में हवन पूजन के पश्चात क्षेत्र के कथावाचक जयप्रकाश दुबे का आशीर्वाद स्वरुप प्रवचन हुआ। इसके पश्चात विश्व हिंदू परिषद के जिला मठ मंदिर प्रमुख धीरज सिंह ठाकुर ने अक्षत किस प्रकार हर घर तक पहुंचे यह योजना विस्तार से बताएं। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग सहकारवा बाबू सिंह ठाकुर, विश्व हिंदू परिषद के जिला सुरक्षा प्रमुख राकेश सिंह ठाकुर, अभियान के संयोजक प्रखंड अध्यक्ष लखन सिंह ठाकुर व ग्राम के वरिष्ठ जनों की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने आयोजन को हर घर तक पहुंचे ऐसा दृढ़ निश्चय किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से कजलास खंड अभियान, संयोजक प्रखंड से मंत्री यशवंत ठाकुर, खंड अध्यक्ष सह संयोजक अशोक पाटीदार, राम सिंह ठाकुर खंड समरसता प्रमुख, जितेंद्र ठाकुर नगर अध्यक्ष ,पिंटू ठाकुर नगर संयोजक, शिवराज सिंह ठाकुर और आनंद गोयल, ओम प्रकाश गोयल ,जयंत शर्मा ,अंकित सोलंकी, शेखर डूमा ने कार्यक्रम का संचालन किया।

### कथा के पूर्व कन्नौद रोड स्थित खेड़ापति हनुमान मंदिर से निकाली गई कलश यात्रा

# कलयुग में मुक्ति के दो ही साधन, एक भजन तो दूसरा राम कथा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



आष्टा। कलयुग में मुक्ति के केवल दो ही साधन है। एक तो भगवान का भजन दूसरा राम जी की कथा, बाबा तुलसीदास जी लिखते हैं। कलयुग तरण उपाय न कोई। राम भजन रामायण दोई। ऊक्त प्रेरक विचार श्री श्याम श्याम चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा नया दशहरा मैदान खंडेलवाल ग्राउंड पर आयोजित सात दिवसीय संगीत मय श्री राम कथा के प्रथम दिवस मालवा माटी के संत श्री मिट्ठु पुरा सरकार द्वारा व्यक्त किए गए। कथा से पूर्व खेड़ापति हनुमान मंदिर कन्नौद रोड से एक संक्षिप्त कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में मुख्य यजमान भागवत मेवाड़ा द्वारा श्री राम चरित्र मानस को सर पर धारण कर व्यास पीठ पर पंडित अभिषेक शर्मा द्वारा पूर्ण विधि विधान से पूजन कर विराजमान किया।

इसके पश्चात मुख्य यजमान और कथा समिति के सदस्यो द्वारा पूज्य महाराज श्री का शाल, श्रीफल और पुष्पमाला भेंट कर स्वागत किया। आगे महाराज श्री द्वारा श्री राम चरित्र मानस के माहत्म्य पर बड़े विस्तार से प्रकाश डाला। गुरुदेव द्वारा बताया गया कि पूर्व में महर्षि वाल्मीकि द्वारा संस्कृत में रामायण लिखी गई थी जिसमें 100000 श्लोक थे। इसके पश्चात इस कलयुग में गोस्वामी तुलसीदास जी के रूप में बाल्मिक जी का पुनर्जन्म हुआ। और उन्होंने भगवान शंकर की प्रेरणा से श्री राम चरित्र मानस को हिंदी भाषा में लिखा। क्योंकि कलयुग में संस्कृत के जानने वाले बहुत कम लोग बचे हैं। बाबा तुलसीदास जी ने इतनी सरल भाषा में रामचरित्र मानस की रचना की यदि प्रयास करें तो अनपढ़ व्यक्ति भी इसे पढ़ सकता है। आगे संत श्री द्वारा रामचरित्र मानस के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास जी के संपूर्ण जीवन पर बड़े ही विस्तार से प्रकाश डाला। श्री गोस्वामी तुलसीदास जी का जन्म संवत 1554 ई को उत्तर प्रदेश के यमुना नदी के किनारे बसे राजपुर गांव में आत्माराम दुबे के यहां हुआ। इनकी माता का नाम हुलसी था। बचपन में ही माता का देहांत हो गया। इसके पश्चात इनका लालन पालन उनके नाना जी के यहां हुआ। और जल्दी ही उनकी भी मृत्यु हो गई। फिर इन्हें चुनिया नाम की उनकी दासी ने संभाला और थोड़े दिन बाद वह भी स्वर्ग सुधार गई। तब कहते हैं की साक्षात मां पार्वती ने वृद्ध स्त्री के रूप में इनका लालन-पालन किया। पश्चात भगवान शंकर की कृपा से इन्हें नहरिया नंद जी के रूप में गुरु मिले और उनके आश्रम में रहकर ही इन्होंने सभी वेद ,वेदांत का अध्ययन किया। कालांतर में इनका विवाह रत्नावली नाम की एक सुशील सुंदर कन्या से हुआ। और अपनी पत्नी रत्नावली की प्रेरणा से इन्होंने गृह त्याग कर आध्यात्म का जीवन स्वीकार किया। अंत में 126 वर्ष की आयु संवत 1680 में गंगा नदी के किनारे गोस्वामी तुलसीदास जी का जीवन समाप्त हुआ।

इसके अलावा भी गुरुदेव ने राम कथा के अनेक गुढ विषयों का स्पर्श किया। राम कथा कली विटप कुठारी। सदर सुन गिरी राजकुमारी। भगवान शंकर मां पार्वती से कहते हैं। इस कलयुग में पाप रूपी वृक्ष को काटने के लिए श्री राम कथा रूपी कुल्हाड़ी की अत्यंत आवश्यकता है। राम कथा से ही जीव को शांति प्राप्त होती है। कथा से ही जीवन की व्यथा मिटती है। इसलिए समय निकाल कर भगवान की कथा सुनते रहो। इसके साथ ही क्षेत्र के सुप्रसिद्ध संगीतकार जगदीश प्रजापति द्वारा गए मधुर भजनों पर श्रोताओं ने भाव विह्वल हो कर नृत्य किया। आज का प्रसाद चैन सिंह महेंद्र सिंह ठाकुर देव कृपा दूध डेयरी नवरंगपुर की ओर से वितरण किया गया।इस अवसर पर सुभाल सिंह मुगली पार्षद तेज सिंह राठौड़, बहादुर सिंह ठाकुर, मधुसूदन परमार ,देवजी पटेल, विक्रम सिंह पटेल, मंजीत राजपूत, राकेश विश्वकर्मा ,गजेंद्र सिंह, भागवत मेवाड़ा राजीव पवार अमन राठौर, श्रीमती दुर्गा राठौर सहित बड़ी संख्या में मात्र शक्तियों उपस्थिति रहीं ।

# बोर्ड की मार्कशीट में खेल के बोनस अंक अलग से लिखेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

माध्यमिक शिक्षा मंडल हायर सेकंडरी और हाई स्कूल की परीक्षा की मार्कशीट में खेल प्रतियोगिताओं के अंक तो लिखेंगे,लेकिन महायोग (टोटल) में नहीं जोड़े जाएंगे। इन्हें अलग से प्रदर्शित किया जाएगा। इस तरह के निर्देश माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा दिए गए हैं। अधिकारियों से 25 जनवरी तक विद्यार्थियों के खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने संबंधी जानकारी तय प्रोफॉर्मा में मांगी गई है। उपसचिव द्वारा जारी पत्र में लिखा गया है कि खेल एवं युवा कल्याण विभाग तथा स्कूल शिक्षा विभाग के कैलेंडर के खेलों में अनुमोदित सूची के अनुसार नाम अंकित हो एवं स्कूल गेम फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा अनुमोदित सूची के अनुसार प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थी जो हाईस्कूल अथवा हायर सेकंडरी में नियमित रूप से अध्ययनरत रहकर परीक्षा में शामिल हो रहे हैं तथा वर्तमान सत्र में राज्य, राष्ट्रीय, एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में शामिल हुए हैं, उन विद्यार्थियों को बोनस अंक दिए जाएंगे। यह अंक मार्कशीट में अलग से प्रदर्शित किए जाएंगे। किसी विषय के साथ अथवा टोटल में इन अंकों को नहीं जोड़ा जाएगा। इसके लिए बोर्ड ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों से राज्य, राष्ट्रीय अथवा अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में शामिल खिलाड़ियों की सूची कक्षावार, विद्यार्थियों के रोल नंबर, ऑनलाइन आवेदन क्रमांक, परीक्षा वर्ष 2024 का प्रवेश पत्र, खेल प्रमाण पत्र सहित दस्तावेजों को प्रमाणित कर निर्धारित प्रोफॉर्मा में 25 जनवरी तक भेजने के लिए कहा है। विकास खंड शिक्षा अधिकारी अजबसिंह राजपूत ने बताया कि मार्कशीट में खेल के बोनस अंक अलग से जुड़ने से इस मार्कशीट का उपयोग विद्यार्थी कहीं भी करेंगे तो उसे अलग से कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत करने की जरूरत नहीं होगी। इसके साथ ही अन्य विद्यार्थियों की तुलना में खेल के आधार पर उसके प्रतिशत में बढ़ोत्तरी दिखाई नहीं देगी।